MINISTRY OF EDUCATION
*Te Tāhuhu o te Mātauranga*

Hindi

# पाठन, लेखन और गणित में नेशनल स्टैन्डर्ड्स (राष्ट्रीय मानदन्ड)

## मेरा बच्चा स्कूल में कैसी तरक्की कर रहा है?



# नेशनल स्टैन्डर्ड्स क्या हैं (National Standards)?

2010 से, सारे स्कूल जिनमें बच्चे Years 1–8 (एक से आठ वर्ष) में पढ़ रहे हैं वे पाठन, लेखन एवं गणित में National Standards (नेशनल स्टैन्डर्ड्स) का प्रयोग करेंगे।

इन स्टैन्डर्ड्स को शिक्षा मंत्रालय तथा विषयों में विशेषज्ञ लोगों द्वारा तैयार किया गया है। इन स्टैन्डर्ड्स में यह स्पष्ट किया गया है कि जो बच्चे प्राकृतिक रूप से अंग्रेज़ी भाषा बोलने वाले हैं उनसे पाठन, लेखन तथा गणित में 1 से 8 साल के दौरान क्या करने की अपेक्षा की जा सकती है।

## अगर अंग्रेज़ी आपके बच्चे की मातृभाषा नहीं है

अगर आपके बच्चे ने अभी अंग्रेजी सीखना शुरू किया है, तो स्कूल यह निर्णय कर सकता है कि शुरू के दो या तीन साल The English Language Learning Progressions (दी इंगलिश लैंग्वेज़ लर्निंग प्रोग्रेशन्स) का प्रयोग करके आपको रिपोर्ट देना अधिक उचित रहेगा।

आपका स्कूल आपके बच्चे की उन्नति और उपलब्धियों के बारे में पाठन, लेखन और गणित National Standards नेशनल स्टैन्डर्ड्स के आधार पर रिपोर्ट देगा। अंग्रेजी को एक अतिरिक्त भाषा के रूप में सीखने में आपके बच्चे की तरक्की के बारे में आपको जानकारी देने के लिए स्कूल The English Language Learning Progressions (दी इंगलिश लैंग्वेज़ लर्निंग प्रोग्रेशन्स) का प्रयोग करके रिपोर्ट देने का भी निर्णय कर सकता है।

The Progressions (दी प्रोग्रेशन्स) में अंग्रेजी भाषा सीखने वाले उन नए बच्चों से पढ़ने, लिखने तथा बोलने और सुनने के बारे में क्या उम्मीद की जा सकती है, यह बताया गया है। इनसे आपके बच्चे

के अध्यापक या अध्यापिका को आपके बच्चे को अंग्रेजी सीखने में सहायता के लिए एक उपयुक्त शिक्षण एवं अध्ययन कार्यक्रम तैयार करने में भी सहायता मिलेगी।

## इन्हें लागू क्यों किया जा रहा है?

स्टैन्डर्ड्स के माध्यम से अध्यापकों, आपके बच्चे और आपको इस बारे में सही तरीके से अन्दाज़ा हो सकेगा कि आपका बच्चा पाठन, लेखन और गणित में कैसी तरक्की कर रहा/रही है, तथा अपनी पढ़ाई में उसे आगे और क्या करना है।

पाठन, लेखन और गणित में आपके बच्चे की तरक्की से उसे वह योग्यता तथा ज्ञान प्राप्त होगा जिसकी उसे अब जरूरत है। 1 से 8वीं कक्षा में स्टैन्डर्ड्स पर या उनसे ऊँचे पढ़ाई करने का अर्थ है कि आपका बच्चा सैंकेडरी स्कूल की समाप्ति NCEA level 2 पर या उसके जैसी ही एक उपयुक्त या लाभकर योग्यता के साथ समाप्त करने के रास्ते पर चल रहा है।

## अध्यापकों द्वारा पाठन, लेखन तथा गणित के स्टैन्डर्ड्स का प्रयोगः

- पाठ्यक्रम के सारे विषयों के आरपार आपके बच्चे की पाठन, लेखन तथा गणित के लिए जरूरतों के लिए योजना बनाने और पढ़ाने के लिए किया जाता है
- यह पता लगाने के लिए किया जाता है कि आपका बच्चा अपनी पढ़ाई में कैसी तरक्की कर रहा है
- आपके बच्चे की पढ़ाई के अगले कदमों को निश्चित करने और आप तथा आपके बच्चे के साथ मिलकर उसे आगे क्या पढ़ना है यह निश्चित करने के लिए किया जाता है
- कम से कम साल में दो बार स्पष्ट रूप से स्टैन्डर्ड्स से सम्बन्धित आपके बच्चे की तरक्की और उपलब्धियों के बारे में आपको रिपोर्ट देने के लिए किया जाता है।

## क्या कोई राष्ट्रीय टैस्ट होता है?

नहीं।

## अध्यापक/अध्यापिका को इस बात का कैसे पता चलेगा कि आपका बच्चा अपनी पढ़ाई-लिखाई में कैसा चल रहा/रही है?

पाठन, लेखन तथा गणित में आपके बच्चे की तरक्की को जानने के लिए अध्यापक कई तरीकों का इस्तेमाल करते रहेंगे। इनमें निम्नलिखित शामिल हैंः

- कई तरह के औपचारिक टैस्ट/मूल्यांकन का प्रयोग
- आपके बच्चे को कक्षा में काम करते हुए देखना
- आपके बच्चे के साथ उसकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में बात करना
- आपके बच्चे द्वारा अपने स्वयं के काम का मूल्यांकन करना, तथा सभी बच्चों द्वारा एक-दूसरे के काम का मूल्यांकन करना।

कुछ बच्चों को अपेक्षित स्टैन्डर्ड्स तक पहुँचने में ज्यादा समय और सहायता की जरूरत पड़ सकती है। आपके बच्चे के पढ़ाई-लिखाई के अगले लक्ष्यों तक पहुँचने में सहायता देने के लिए अध्यापक आप तथा आपके बच्चे के साथ मिलकर काम करेंगे।



## अपने बच्चे के अध्यापक के साथ मिलकर काम करना

अपने बच्चे की पढ़ाई-लिखाई में आपकी एक महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

अपने बच्चे के अध्यापक/अध्यापिका से अच्छे सम्बन्ध होना, आपका बच्चा कैसी तरक्की कर रहा है इसकी स्पष्ट जानकारी होना, तथा साथ मिलकर अपने बच्चे की पढ़ाई में सहायता से उसे ज्यादा से ज्यादा कोशिश करने का प्रोत्साहन मिलेगा।

## आप अध्यापक/अध्यापिका से निम्नलिखित प्रश्न पूछ सकते हैं

- मेरा बच्चा कितनी/कैसी तरक्की कर रहा है?
- वह किस चीज में होशियार है?
- उसे किस चीज में सहायता की जरूरत है?
- आगे उसे क्या सिखाया जाएगा?
- मेरे बच्चे को क्लास में सहायता करने के लिए आपको क्या जानकारी चाहिए?
- स्कूल मेरे बच्चे की कैसे सहायता करेगा?
- अपने बच्चे की घर में पढ़ाई में सहायता के लिए मैं क्या कर सकता/सकती हूँ?
- मेरे बच्चे की पढ़ाई कैसी चल रही है इस बात की जानकारी रखने का सबसे अच्छा क्या तरीका है?

# आप National Standards (राष्ट्रीय मानदन्ड) या रिपोर्ट के बारे में अधिक जानना चाहते हैं?

- अपने बच्चे के अध्यापकों से बात करें
- Ministry of Education (शिक्षा मंत्रालय) की पेरेन्ट वेबसाइट पर जाएं तथा National Standards लिंक पर क्लिक करें – **www.minedu.govt.nz/Parents**

  इस साइट पर निम्नलिखित के बारे में भी जानकारी शामिल हैः

  - दूसरी भाषा के रूप में अंग्रेज़ी भाषा सीखना
  - लर्निंग डिसेबिलिटी (शिक्षण विकलांगता) वाले बच्चे
- स्टैन्डर्ड्स को – **www.nzcurriculum.tki.org.nz/National-Standards** वेबसाइट पर पढ़ा जा सकता है



Copies of this leaflet (item number 700084) are free to order from **www.thechair.minedu.govt.nz** or by email: **orders@thechair.minedu.govt.nz**

The leaflet is also available in: Afrikaans (700091), Arabic (700090), Chinese (700088), Cook Islands Māori (700089), Dari (700086), English (700012), French (700087), Korean (700085), Niue (700094), Samoan (700082), Somali (700083), Tagalog (700081), Thai (700095), Tokelau (700092), Tongan (700093).

New Zealand Government

Item no. 700084